## खबर संक्षेप



### कम शक्कर, कम तेल खाएं, मोटापा घटाए

**बड़वारा।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग बड़वारा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र उमरिया में परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के निर्देशन में कम शक्कर कम तेल पर आधारित भाप में पके हुए व्यंजनो की पोषण प्रदर्शनी लगाकर पर्यवेक्षक प्रियंका पांडे, रोशनी गुप्ता, रेशमा परवीन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता काशी विश्वकर्मा द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को समझाइश दी गई। मानव श्रृंखला बनाकर बाल विवाह रोकथाम पर जागरूक किया गया। एवं बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई।

### दो दिवसीय प्रवास पर राज्यपाल का कटनी आगमन 11 को

**कटनी।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार 11 अक्टूबर और रविवार 12 अक्टूबर को दो दिवसीय कटनी प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री पटेल का मैहर से शनिवार 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड पर आगमन होगा। यहां से राज्यपाल कार द्वारा सर्किट हाउस कटनी पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल रविवार 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कार द्वारा सर्किट हाउस से स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम हरदुआ के लिए रवाना होंगे। यहां राज्यपाल प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम हरदुआ में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल ग्राम हरदुआ से कार द्वारा वापस दोपहर 12:30 बजे झिंझरी पुलिस लाइन पहुंचेंगे और यहां भोजन एवं विश्राम के बाद दोपहर 1:40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मान्यता नवीनीकरण की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ 10 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल और जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### जल संरचनाओं में खरपतवार के सर्वेक्षण करने के निर्देश

**कटनी।** शहरी क्षेत्रों की जल संरचनाओं के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों के समस्त आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर परिषद को आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री संकेत भोंडवे ने पत्र जारी कर निर्देश दिए है। निर्देशों में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र की झील एवं तालाब में आक्रमक रूप से खरपतवार तेजी से फैल रहे है। इसका नकरात्मक प्रभाव जलीय संरचनाओं पर पड़ रहा है। इसके दुष्प्रभाव से पानी में ऑक्सीजन की कमी के साथ ही जलीय जंतुओं एवं वनस्पति में लगातार गिरावट आ रही है। जैव विविधता की कमी से मानव स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि जलीय संरचनाओं में सर्वाधिक अतिक्रमण करने वाले मुख्य प्रजाति जल कुंभी, बेशरम बेल और गाजर घास प्रमुख है। नगरीय एवं विकास संचालनालय ने जीआईएस तकनीक के माध्यम से प्रदेश की जल संरचनाओं में जल कुंभी द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों की पहचान की है।

---

### बरही क्षेत्र में लगातार हो रही वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

# बेखौफ बदमाश: सूने मकान में दिन दहाड़े हुई चोरी, 20 लाख के जेवरात किये पार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही**

बरही क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। बेखौफ बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए अब दिन दिहाड़े चोरी कर रहे हैं लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। नगर के बीचोंबीच स्थित कालोनी में त्रिपाठी हाउस में दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी ने इलाके में सनसनी फैला दी। अज्ञात चोरों ने करीब 20 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने पार कर दिए।

जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय रामचरण त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार की सुबह उनकी पत्नी सुनीता त्रिपाठी और बच्चे खरीददारी के लिए घर में ताला लगाकर दुकान चले गए थे। शाम को जब वे घर लौटे, तो दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर की अलमारी के लॉक टूटे मिले और उसमें रखे सोने के हार, पायल, बिछिया, चांदी के चूड़े और अन्य गहने गायब थे। सुनीता त्रिपाठी के अनुसार चोरी गए गहनों की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। पीड़िता की शिकायत पर बरही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

लगातार हो रही चोरियों से नगरवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल कागज़ी गश्त में व्यस्त है जबकि चोर खुलेआम वारदात कर रहे हैं। चोरो को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

#### 29 तोला सोना, 2 किलो चांदी एवं 6 लाख चोरो ने किये पार

श्री त्रिपाठी के बड़े पुत्र आलोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अलमारी में रखे सोने-चांदी के सारे गहने गायब थे। चोरी हुए गहनों में 29 तोला सोना, 2 किलो चांदी और 6 लाख रुपए नकद शामिल थे। बता दें कि रामचरण त्रिपाठी कोल माइंस नरोजाबाद में सुपरवाइजर के पद से 2020 में रिटायर हुए थे। अब बरही नगर में किराने की दुकान चलाते हैं। उनकी पत्नी सुनीता त्रिपाठी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामाजिक संगठन की मंडल अध्यक्ष हैं। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर मामला केस कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और कुछ साक्ष्य भी मिले हैं। थाना प्रभारी ने जल्द ही पूरी घटना का खुलासा करने की बात कही है।



---



# केंडल मार्च निकाल स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग

#### कांग्रेस ने जहरीले कप सिरप से हुई बच्चों की मौत पर जताया दुख

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में विगत दिनों जहरीले कप सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत हो गईं ओर कई बच्चें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। जहरीले कप सिरप से मासूम बच्चों की हुई मौत को लेकर कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार पर हमलावार हो गईं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर गुरुवार को प्रदेश भर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

गुरुवार की देर शाम स्लीमनाबाद मै कांग्रेस पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया!कांग्रेस पार्टी ने केंडिल मार्च निकाल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से इस्तीफा देने की मांग की!साथ ही भाजपा सरकार मै स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आडो हाथ लिया गया!केंडिल मार्च निकाल 16 मासूम की गईं जानो पर दुख जताया गया ओर सांत्वना व्यक्त की गईं।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू, अनुराग मिश्रा, जुगल किशोर गर्ग, महेश दत्त तिवारी, दीपक तिवारी, रामदत्त मिश्रा, अरविंद हल्दकार, आदित्य दुबे, संतोष विश्वकर्मा, दयाराम आदिवासी, आकेश जैन, ऋषभ त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, विकास त्रिपाठी, सत्यम चौबे, गुड्डा दुबे, परसु यादव, भानू यादव, जितेंद्र सिंह, दीपक कोल, मोनू दुबे, शेखर यादव सहित बड़ी संख्या मै कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

---

# 15 अक्टूबर को सैनिक छावनी भूमि से हटेगा कब्जा, जीपीएस मशीन से होगा सीमांकन कार्य

*एक समुदाय द्वारा 6 एकड़ से अधिक भूमि पर किया गया है कब्जा*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद स्थित पीएम हॉउस कक्ष के बाजू से भेड़ा रोड से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जो सैनिक छावनी की थी उसमें मुस्लिम समुदाय के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया था, उससे अब कब्जा हटाने का मार्ग प्रशस्त्र हो गया। राजस्व विभाग के द्वारा उक्त भूमि के सीमांकन कार्य के लिए दिनांक 15 अक्टूबर 2025 नियत कर दिया है। 15 अक्टूबर को 11 बजे से सीमांकन कार्य शुरू हो जायेगा।सीमांकन कार्य के लिए जिला व स्थानीय तहसील स्तर से दल गठित किया गया है!जिसमें भू अभिलेख विभाग से राजस्व निरीक्षक बिलहरी दिलीप त्रिसोलिया, गौरव विश्वकर्मा, पटवारी ज्ञानेश्वर तिवारी, विवेक सोनी, अभिषेक तिवारी तों वही स्लीमनाबाद तहसीलदार सारिका रावत के द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर्ष रोमटेक, हल्का पटवारी संजय बेन, नीरज उरमलिया, शुभांशु मिश्रा, देवलाल पटेल, शेख मंजूर खान व रजनीश गुप्ता को दल मै शामिल किया गया। तहसील स्तरीय दल के साथ जिला स्तरीय दल मिलकर सीमांकन का कार्य पूरा करेंगे। किसी भी प्रकार का वाद-विवाद की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। विहिप बजरंग दल ने ज्ञापन सौंप दिया था अल्टीमेटम-सीमांकन कार्य को तीन चार दिन की समयावधि लेकर फिर 20 दिन का समय व्यतीत कर देना ओर मामले को ठंडे बस्ते मै डाल देने के बाद बुधवार को विहिप बजरंग दल ने अपना विरोध जताया था। विहिप बजरंग दल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार हर्ष रोमटेक को ज्ञापन दे सख्त अल्टीमेटम दिया कि 15 अक्टूबर तक अगर उक्त सैनिक छावनी भूमि से मुस्लिम समुदाय का कब्जा नहीं हटाया गया तों 16 अक्टूबर को चक्काजाम किया जायेगा। गौरतलब है कि स्लीमनाबाद हल्का के खसरा नंबर 53 जिसका रकबा 1एकड़ है जो हरदुआ हार मै आता है, इस पर आधा एकड़ भूमि मुक्तिधाम ओर आधा एकड़ भूमि कब्रिस्तान दर्ज है जो पहले से प्रस्तावित है!लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है जो कि लगभग 6 एकड़ से अधिक भूमि है जहां अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा कर लिया गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि सैनिक छावनी भूमि से कब्जा हटाने का कार्य 15 अक्टूबर को होगा। उक्त भूमि के सीमांकन कार्य के लिए तहसील स्तर व जिला स्तर से भी दल गठित किया गया है। सीमांकन कार्य उपरांत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

---

### मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



मिशन शक्ति योजना योजना अंतर्गत बाल विवाह, बेटी का महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण संबंधी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत बड़वारा के सभाकक्ष में किया गया जिसमें महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अंतर्गत मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण संबंधी चर्चा की गई। बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई एवं परियोजना अधिकारी द्वारा बाल विवाह कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को अपने कार्य क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के संबंध में जन जागरूकता फैलाने हेतु आवाहन किया गया। इस अवसर पर बड़वारा जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा टेकाम, परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक रेशमा परवीन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

---

# 3 दिनी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे ग्राम रोजगार सहायक, सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**



ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक शुक्रवार से तीन दिनों के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे जिससे ग्राम पंचायतों मै मनरेगा से संबंधित कामकाज ठप्प हो जायेंगे। सामूहिक अवकाश पर जाने के पीछे मुख्य कारण रोजगार सहायको का तीन माह से वेतन भुगतान न होना है जिससे आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गईं है। तीन माह से वेतन न होने के कारण सामूहिक अवकाश पर जाने से पहले बहोरीबंद ब्लॉक के ग्राम रोजगार सहायको ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि जनपद पंचायत बहोरीबंद में पदस्थ समस्त ग्राम रोजगार सहायकों का मानदेय विगत तीन माह से नहीं हुआ है ओर चौथा माह प्रगति पर है!जिस कारण समस्त ग्राम रोजगार सहायको की वित्तीय आर्थिक समस्याओ का सामना करना पड रहा है!जिससे जीवकोपार्जन का संकट गहरा गया है!वेतन भुगतान को लेकर लगातार वरिष्ठ स्तर पर चर्चा की जा रही है लेकिन भुगतान नहीं हो पा रहा है!जिस कारण पंचायत कामकाज छोड़ सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल यादव, उपाध्यक्ष लाल सिंह पटेल, दीपक दुबे,बलराम रैदास,दिनेश पटेल,संतोष लोधी,कृष्ण कुमार कुशवाहा,सनत पटेल,आशीष मेहरा, पार्वती लोधी सहित अन्य ग्राम रोजगार सहायको की उपस्थिति रही है।

---

# 2 तोले सोने की चैन सहित 20 हजार रूपए नकद चोरी करने वाला पकड़ाया

*घर में काम करने के दौरान अलमारी से चोरी की थी चैन और रूपए*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



घर में काम करने के दौरान प्लम्बर ने सोने के जेवरात चोरी कर लिये। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 03.10.2025 को फरियादी सुरेन्द्र गुप्ता निवासी हनुमान गंज कटनी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मरम्मत का काम के लिए 21.09.2025 से 24.09.2025 तक लेवर लगाया था जिसमें नल फिटिंग का काम भी चल रहा था। काम पूरा होने के बाद 26.09.2025 को अपने मकान में गया। इसी दौरान मकान के ऊपरी हिस्से बने कमरे में गया जिसमें एक लकड़ी की अलमारी रखी है को खोलकर देखा तो उसमें सोने की चैन जिसमें गणेश जी की लॉकेट लगी थी वजनी करीब 02 तोला और 20000 रू व काले रंग का पर्स जिसमें आधारकार्ड व फोटो रखे थे अलमारी में नही थे। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कटनी में अप.क्र. 852/25 धारा 305(ए) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

फरियादी द्वारा घर में काम करने वाले प्लम्बर दिलीप कुमार तिवारी निवासी ग्राम घिनौची पोस्ट गुलवारा थाना कुठला के ऊपर संदेह व्यक्त किया। जिसके आधार पर संदेही की पतासाजी की गई। संदेही से पूछताछ करने के दौरान पहले तो गुमराह करते हुए घटना के बारे में कोई जानकारी होना नही बताया परंतु पूछताछ करने पर सुरेन्द्र गुप्ता के घर में प्लम्बर का काम करने के दौरान ऊपरी मंजिल पर रखी लकड़ी की अलमारी से एक सोने की चैन जिसमें गणेश जी की प्रतिमा का लॉकेट लगा हुआ था एवं नगद 20000 रूपए व काले रंग का पर्स चोरी कर ले जाना स्वीकार किया। आरोपी से सोने की चैन लॉकेट सहित पर्स बरामद किए गए। आरोपी द्वारा पैसों को खर्च हो जाना बताया गया। आरोपी दिलीप कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर जे.आर पर न्यायालय पेश किया गया।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पचीसिया के मार्गदर्शन में की गई जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली निरी. राखी पाण्डेय, प्र.आर. अशोक सिंह, नीरज तिवारी, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, आर. दीपक तिवारी, अमरजीत सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई की अहम भूमिका रही।

---

### करवा चौथ को लेकर खरीददारी करने बाजार में दिखी चहल-पहल

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाएं रखेंगी करवा चौथ व्रत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**



सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए साल में एक बार विशेष व्रत रखती हैं। जिसे करवा चौथ के नाम से जाना जाता है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ का का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार को है। इस व्रत में महिलाएं निर्जला व्रत रखतीं हैं।

करवा चौथ के दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, पार्वती और कार्तिकेय की पूजा करतीं हैं। यह व्रत सूर्योदय से पहले आरंभ किया जाता है और सूर्यास्त के बाद चांद निकलने तक रखा जाता है।करवा चौथ के दिन चन्द्रमा का दीदार करने ओर पति का चेहरा देखने के बाद व्रती महिलाएं व्रत खोलेंगी। करवा चौथ को लेकर सजा बाजार-अब की बार विशेष संयोग मैं करवा चौथ का व्रत मनाया जाएगा। व्रत को लेकर स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं बाजार सज गया है। गुरुवार को बाजार मे खरीददारी करने चहल-पहल दिखी।करवा चौथ व्रत मैं आवश्यक सामग्री की बात करे तो बाजार मे थाली सहित पूजा का पूरा सेट 600 से 700 रुपये मैं उपलब्ध है। अलग-अलग सामग्री की बात करे तो सामान्य करवा 50 रुपये जबकि डेकोरेटेड करवा तीन कीमत 100,150 व 200 रुपये मैं है।इसी प्रकार सामान्य चलनी 30 रुपये मैं मिल रही है।दूसरी सामग्री भी इसी तरह विभिन्न कीमत पर व्रती महिलाओं की पसंद के अनुरूप उपलब्ध है।करवाचौथ के लिए फैंसी चूडियां व साड़ी खरीदने भी दुकानों मैं भीड़ दिखी।करवा चौथ मैं बन रहे शुभ संयोग-पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि करवा चौथ व्रत इस बार खास रहने वाला है!करवा चौथ पर इस बार लाभ उन्नति मुहूर्त, सर्वार्थ सिद्दि योग ओर शिववास योग का निर्माण हो रहा है!इसके अलावा इस दिन शुक्रादित्य योग का संयोग भी है!वैवाहिक जीवन होता है सुखमय -पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि करवा चौथ व्रत में चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है और पति की आयु लंबी होती है। इसलिए विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत को रखती हैं।

---

# 25 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के तहत गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीती संजीव सूरी द्वारा संत कंवर राम वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य गोविंद चावला एवं अन्य पार्षदों की मौजूदगी में 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक शौचालय की आधारशिला रखी गई।

माधवनगर क्षेत्र के व्यापारियों की बरसों पुरानी शौचालय की समस्या का निराकरण होने पर माधवनगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश पंजवानी सहित क्षेत्रीय अन्य व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित पार्षदों का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं मौके पर मौजूद वाहन चालक मेराज खान और स्थानीय श्रमिकों द्वारा भी इस महत्वपूर्ण सुविधा को मुहैया कराने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शौचालय निर्माण होने से दैनिक कृत्यों में सुविधा एवं विस्तार होने की बात कही।

नोडल अधिकारी आदेश जैन ने बताया कि संत कवरराम वार्ड के मुख्य बाजार में 9 बाई 9 मीटर क्षेत्र में 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस शौचालय में 10 डब्ल्यू सी शीट्स, 3 स्नानगृह के साथ ही 4 यूरिनल एवं 1 गार्ड रूम का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इस शौचालय में अत्याधुनिक सुविधाओं का भी विशेष प्रावधान किया गया है। शौचालय में दिव्यांगों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए भी इस विशेष व्यवस्थाएं की गई है। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर इस शौचालय के यूरिनल की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप



### मानव श्रृंखला बनाकर पोषण के प्रति किया जागरूक

**उमरियापान।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत धरवारा सेक्टर के इटवां में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर पोषण के प्रति जागरूक किया। इस।मौके पर पोषण को लेकर शपथ दिलाई। इस दौरान सरपंच रामसखी आदिवासी, सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा, कार्यकर्ता इंदिरा गर्ग, किरण मिश्रा, सत्यवती उपाध्याय,गुलाब उपाध्याय, सजनी कोल, उर्मिला सिंह, साधना तिवारी, कृष्णा पांडे, शशि पांडेय, राजा बाई सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण 17 को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट के जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं अमित शुक्ला (शहर), बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डी.सी. राम एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर से निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### सड़क किनारे बाजार लगने से बढ़ी समस्या

**विजयराघवगढ़।** ग्राम सिनगौड़ी में साप्ताहिक बाजार का अस्तित्व सड़क के किनारे तक उतर आया है। मुख्य मार्ग से सट कर बाजार लगती है जिससे लोगों को कई बार परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के किनारे बाजार लगने से आवागमन भी बाधित हो जाता है और समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। लोगों ने बताया कि सड़क पर बाजार लगने के कारण यहां कई बार सड़क हादसों में लोगों की जानें भी गई हैं। इन सबके बावजूद बाजार को कहीं अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के ठोस प्रयास जिम्मेदारों द्वारा नहीं किए जा रहे। गोठान की भूमि पर जहां विस्तृत मैदान था वहां भी लोगों ने अतिक्रमण कर किया है। जबकि भूमि को अगर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तो वहां बाजार लग सकता है और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी भी नहीं होगी।

### महिलाओं को दी गई आवश्यक जानकारियां



**विजयराघवगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ग्राम सिनगौड़ी में सुरक्षा, सतर्कता अभियान चलाया गया। पंचायत भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैंक के अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें स्वरोजगार के प्रति प्रेरित भी किया। अधिकारियों द्वारा बैंक से कौन कौन से लोन प्राप्त किए जा सकते हैं। लोन लेने की प्रक्रिया क्या है, बैंक किस तरह ग्राहकों के लिए सहायक साबित होते हैं इन विषयों की विस्तृत जानकारियां दी गईं। फ्रॉड कॉल, साइबर फ्रॉड आदि के बारे में भी महिलाओं को बताया गया और उन्हें सचेत किया गया। फ्रॉड से बचने के लिए कौन कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए इसके बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर सरपंच मंटू निगम, एजीएम प्रमोद पांडेय, चीफ मैनेजर धीरज महराज, शाखा प्रबंधक राहुल गुप्ता, सहायक शाखा प्रबंधक सुहेल खान, प्राणेंद्र गुप्ता, सेक्टर अधिकारी बानकर सहित बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद के ग्राम हरदुआ आएंगे राज्यपाल मंगुभाई पटैल

# राज्यपाल के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसपी व निगमायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राज्यपाल मंगुभाई पटेल 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद के हरदुआ गाँव आएंगे। राज्यपाल के दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड़ पर आ गये है। गुरुवार को एसपी अभिनव विश्वकर्मा ओर नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार स्लीमनाबाद के हरदुआ गाँव पहुंची जहाँ चल रही तैयारियों का जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त ने आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का निरिक्षण किया जहाँ उपस्थित अधिकारियों से राज्यपाल के लिए यहाँ उक्त कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे मे जानकारी ली।

बताया गया कि 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान का आगाज होगा जिसमें राज्यपाल के हाथों आदिवासी समुदाय के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ओर आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का शुभारम्भ कराया जायेगा!इसके साथ ही राज्यपाल केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने आदिवासी समुदाय के लोगों से संवाद भी करेंगे। निगम आयुक्त ने ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को सख्त निर्देश दिये कि उक्त मार्ग मै नाली निर्माण कार्य अस्थाई तौर पर कर दे!साथ पीएचई विभाग को नलजल योजना पाइप लाईन विस्तारीकरणको लेकर जो गड्ढे हो गये उन्हें समतलीरण करने आदेशित किया!इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त ने आदिवासी समुदाय के लोगों से पीएम आवास योजना को लेकर चर्चा की ओर गाँव विकास को पूछा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आदिवासी समुदाय के लोगो से सीधा संवाद करेंगे इसके शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मै कार्यक्रम स्थल बनाया जा रहा है जिसका भी निरीक्षण एसपी व नगरनिगम आयुक्त ने किया। नगरनिगम आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी एसडीओ आर के बत्रा से तैयारियों को लेकर पूरी जानकारी ली!जिसमें एसडीओ ने कार्यक्रम को लेकर जो तैयारियां की जा रही है उसकी पूरी जानकारी दी। निगम आयुक्त ने निर्देश दिये कि पंडाल सहित सभी जरूरी व्यवस्था समय से पहले पूर्ण कर लें!नगर निगम आयुक्त ने एसडीएम को निर्देशित किया कि राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर उनकी अगवानी, कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने स्वागत क्या व्यवस्था रहेगी उसकी पूरी जानकारी एकत्रित कर भेजनें को कहा। आयुक्त ने महाविद्यालय प्राचार्या को भी आदेशित किया कि महाविद्यालय कि छात्राओं को तैयार करें। राष्ट्रगान, रंगोली प्रतियोगिता व कलश अगवानी की जाये।

इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, तहसीलदार सारिका रावत, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, बीएमओ डॉ अनुराग शुक्ला,प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, एसडीओ आर के बत्रा, मोहित तिवारी, विकासखंड समन्वयक अखिलेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे!दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे राज्यपाल-प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार 11 अक्टूबर और रविवार 12 अक्टूबर को दो दिवसीय कटनी प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल मंगुबाई पटेल शनिवार 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा झिंझरी स्थित पुलिस लाइन हेलीपैड पर आगमन होगा। यहां से राज्यपाल कार द्वारा सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। राज्यपाल रविवार 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कार द्वारा सर्किट हाउस से स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम हरदुआ के लिए रवाना होंगे। यहां राज्यपाल प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक ग्राम हरदुआ में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल ग्राम हरदुआ से कार द्वारा वापस दोपहर 12:30 बजे झिंझरी पुलिस लाइन पहुंचेंगे और यहां भोजन एवं विश्राम के बाद दोपहर 1:40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे।

## शोभायात्रा के साथ हुआ बर्सी मेले का आगाज, जयघोष से गूंजा माधवनगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर में बर्सी मेले का 9 अक्टूबर को आगाज हुआ। सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब ने माधवनगर दीप प्रज्वलित कर हरे माधव वर्सी पर्व का शुभारंभ किया। आरती, पुष्पवर्षा और भजन की मधुर गूंज के बीच जैसे ही दीपक की ज्योति प्रज्वलित हुई, पूरा वातावरण आध्यात्मिक आलोक में नहा उठा।

भव्य शोभायात्रा सतगुरु के पावन रथ के साथ हरे माधव दरबार से प्रारंभ हुई, जो मुख्य मार्गों से होती हुई हरे माधव सत्संग स्थल तक पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर सतगुरु जी का स्वागत किया। जहाँ तक दृष्टि जाती, श्रद्धा और प्रेम का समुद्र उमड़ पड़ा था। भक्तों के कंठ से निकले "हरे माधवङ्क हरे माधवङ्क" के जयघोष वातावरण में गूंज रहे थे। सुसज्जित रथ में विराजमान सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी ने सभी पर मेहर दृष्टि बरसाई। भक्ति भाव में डूबे सेवक नृत्य, डांडिया और "ईश्वरनादम् पथक" की संगीतमय ध्वनियों पर झूमते रहे। देश-विदेश से पहुँचे हज़ारों श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के दर्शन कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। हरे माधव सत्संग स्थल पर पहुँचने के पश्चात सतगुरु जी को विशाल पंडाल में विराजमान कर भजन, कीर्तन और सत्संग की अमृतवर्षा आरंभ हुई। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रेम और समर्पण में डूब गए। इस अवसर पर जीवनमुक्त सतगुरु साहिबानों की रुहानी लीलाओं की वीडियो प्रस्तुति ने सबका हृदय भक्ति से भर दिया। इस दो दिवसीय वर्सी पर्व के दौरान बाबा माधवशाह चिकित्सालय में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया है, जहाँ सेवा ही साधना बन गई।

10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से सत्संग, भजन-कीर्तन और सतगुरु साई ईश्वरशाह साहिब जी की पावन अमृतवर्षा का आयोजन किया गया है, जिसके उपरांत विशाल लंगर से प्रेमरस की धारा बहाई जाएगी। वर्सी पर्व केवल स्मरण नहीं, बल्कि रुहानी जागरण का उत्सव है — जहाँ जीवनमुक्त सतगुरु साहिबानों की मेहर से जीव आत्मा अपने मूल स्वरूप की ओर अग्रसर होती है। जिस प्रकार सूर्य के उदय से अंधकार मिट जाता है, उसी प्रकार सतगुरु की कृपा से अज्ञान का तमस मिटकर परम प्रकाश की अनुभूति होती है।

हरे माधव वर्सी पर्व ने एक बार फिर यह सन्देश दिया —"सेवा, सत्संग, सिमरन और ध्यान ही वह मार्ग है, जो जीव को परमात्मा से अभेद कर देता है।

### छिंदवाड़ा में बच्चों की हुई मौत को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

## दवा निर्माताओं के लिए नई गाइडलाइन बनाने हेतु एम.आर. संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



श्रीसन फार्मा कंपनी के कोलड्रिफ कफ सिरप से छिन्दवाड़ा जिले में बीस से अधिक मासूमों की मौतों को लेकर मध्यप्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश के लगभग सभी जिलों से कलेक्टर के माध्यम से यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में फार्मा उद्योग के लिए नई गाइडलाइन्स बनाने, प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है।

ज्ञापन में आठ सूत्रीय माँगे प्रदेश सरकार के समक्ष रखी गई हैं जिसमें निरीक्षण टीम का हर माह मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का निरीक्षण करने,निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को पब्लिक डोमेन में लाने ताकि जाँच किये गए बिंदुओं को प्रदेश की जनता भी जान सके। प्रदेश के अंदर ड्रग टेस्ट करने वाली प्रयोग शालाओं की संख्या बढ़ाने, मल्टीनेशनल कंपनियों की दवाइयों को बिना जाँच के उनके व्यापार को प्रदेश के अंदर अनुमति प्रदान नहीं करने, ट्रांसपोर्टेशन के दौरान दवाओं को खुली धूप, बारिश इत्यादि से बचाने,ट्रांसपोर्ट के गोदामों में कई दिनों तक दवाइयाँ खुली धूप,बारिश में पड़ी रहती हैं जिससे उनकी गुणवत्ता में कमी आती है, ऐसा न हो इसके लिए भंडारण के नियमों का कड़ाई से पालन करवाने,किराए के लाइसेंस से चलने वाले मेडिकल स्टोर्स का चलन पूर्णतः बंद करने और दवा की दुकान में फार्मासिस्ट का उपलब्धता अनिवार्य किये जाने जिससे कि दवा के वितरण में मरीज को किसी प्रकार का जोखिम न उठाना पड़े,दवाईयों का उत्पादन करने वाले जिले जैसे इंदौर , धार मंडीदीप ,सागर ,ग्वालियर , जबलपुर के लिए विशेष जाँच दल गठित करने,दवाईयों के उत्पादन को सरकार का अपने हाथों में लेने, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को दिए जाने वाले ISO GMP Certfication के नियम सख्त बनाने जैसी विभिन्न माँगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर एम.आर.संघ प्रदेश महामन्त्री कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी, ज्वाला पटेल, रोहित सेन, शहजाद खान, सुरेश राठौर,श्रीकांत सिंह की उपस्थिति रही।

## पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाकर दी गई जानकारी



विजयराघवगढ़ जनपद सभागार में महिला एवं बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह की प्रमुख थीम मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी), शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा आदि हैं। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण आहार से संबंधित व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि के बारे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए जागरूक किया और कहा कि यह अभियान सुपोषित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष श्रीराम सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, सहायक संचालक भोपाल सुबोध गर्ग, सीईओ व्रतेश जैन, परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी।

## सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने वालों पर चालानी कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दीपावली पर्व के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में शुक्रवार को उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना की जाने वाली गतिविधियों की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपायुक्त ने पर्वो के दौरान शहर की दैनिक साफ- सफाई, कचरे का उठाव व उचित निपटान की व्यवस्था हेतु पूर्व से विस्तृत कार्य योजना के तहत सभी मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों सहित सार्वजनिक मार्गों, देवालयों ,बस स्टैंड, आश्रय स्थल में पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गो के डिवाइडरों के दोनों ओर की विशेष सफाई व धुलाई कर उन्हे स्वच्छ रखने के निर्देश क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को दिए।

नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए संचारी बीमारियों की रोकथाम हेतु सभी सार्वजनिक स्थलों, एवं वार्डों की विभिन्न गलियों में पर्याप्त कीटनाशक का छिड़काव करने, आवारा मवेशियों के सार्वजनिक मार्गो में विचरण पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करनें के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलानें वालों को चेतावनी देते हुए नहीं मानने पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### सभी प्रकार की व्यवस्था बनाएं रखने अधिकारियों को दिये निर्देश

## महापौर ने बरसी मेले में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दरबार पहुंच लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में 9 एवं 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय बरसी मेला महोत्सव के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने बुधवार शाम कार्यक्रम स्थल माधवनगर पहुंचकर जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर सूरी ने कहा कि बाबा माधव शाह एवं बाबा नारायण शाह जी के नाम से भी कटनी शहर जाना जाता है, यह हमारा सबका सौभाग्य है कि ऐसे संतों सानिध्य कटनी नगरवासियों को मिला है। बर्सी महोत्सव मेले में सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर इस उत्सव को महोत्सव का रूप देते हैं। संतों के अमृत वचन से हमें बहुत कुछ सीखने मिलता है। इस बरसी महोत्सव में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के विभिन्न भागों से दर्शनार्थी कटनी पहुंचते हैं। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मेला प्रांगण स्थल सहित आसपास के समस्त पहुंच मार्गों में नगर निगम प्रशासन द्वारा की जा रही साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आदि के सभी इंतजाम चाक – चौबंद रखे जाए।

व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी द्वारा ब्रह्म भोज प्रांगण पहुंचकर महिला श्रद्धाओं के साथ बैठकर भोजन बनाने हेतु की जा तैयारियों में सब्जी काटकर सेवादारी की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व ईश्वरनादम पथक पहुंचकर महिला श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत संगीत समारोह मे शिरकत की।

### महापौर ने दरबार में किया सामूहिक श्रमदान

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उनकी पार्षदों की टीम द्वारा बाबा माधव शाह दरबार परिसर में श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान कर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### चिकित्सालय का निरीक्षण कर जाना मरीजों का स्वास्थ्यहाल

निरीक्षण में पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बाबा माधव शाह चिकित्सालय के नवीन ऑपरेशन कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में इलाजरत मरीजों से संवाद कर उनका स्वास्थ्य हाल भी जाना।

### दरबार में माथा टेक लिया आशीर्वाद

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हरे माधव दरबार साहिब पहुंचकर सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त कर नगर विकास एवं नगरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

### रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस कार्यक्रम के तहत कटनी में हुआ आगमन

## कटनी में जबलपुर के 37 छात्र सीखेंगे खेती करने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि हाविद्यालय जबलपुर के 37 छात्रों का 6 माह के लिए RAWE (रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस) कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में आगमन हुआ। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्ग निर्देशन में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक राबे प्रभारी डॉ आर पी बेन एवं वैज्ञानिक डॉ ए के तोमर डॉ आर के मिश्रा,डॉ शशि गौर,डॉ अर्पिता श्रीवास्तव , डॉ के पी द्विवेदी,डॉ यति राज खरे,डॉ संदीप चंद्रवंशी एवं प्रियंका धुर्वे, द्वारा खेती करने की कृषि तकनीकी सिखाई जाएगी केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन ने बताया कि कृषि छात्र गांवों में जाकर किसानों को कृषि से जुड़ी समस्याओं को हल करने, नई तकनीकों को समझाने और विस्तार कार्यक्रमों में भाग लेने का वास्तविक अनुभव प्राप्त करते हैं. यह कार्यक्रम छात्रों को किसानों के साथ जुड़ने, खेती की बारीकियों को समझने और कृषि में अपना करियर बनाने के लिए आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करता है. हाल ही में, RAWE कार्यक्रम के तहत छात्र विभिन्न कृषि पद्धतियों जैसे बीज उपचार और मशरूम की खेती का प्रदर्शन कर सीखेंगे, साथ ही किसानों के साथ सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान भी निकाल सकेंगे।

### RAWE कार्यक्रम के उद्देश्य

ग्रामीण परिस्थितियों और किसानों की समस्याओं को समझना.किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और विस्तार पद्धतियों से अवगत कराना.छात्रों में तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करना.कृषि और ग्रामीण विकास के चल रहे कार्यक्रमों से जुड़ना, प्रगतिशील किसानों से बातचीत और उनके अनुभवों को सीखना।

### कार्यक्रम के तहत गतिविधियाँ

**क्षेत्र भ्रमण-** छात्र गांवों में जाकर किसानों के साथ काम करते हैं, जिसमें खाद, पानी, जुताई, बुवाई और कीटनाशक का छिड़काव शामिल है.

**प्रदर्शनः** बीज उपचार, जैविक नियंत्रण एजेंटों का उपयोग, मशरूम की खेती जैसी नई तकनीकों का प्रदर्शन करना. सामाजिक-आर्थिक अवलोकनः ग्रामीण परिवारों के सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी स्वरूप का गहन अध्ययन करना. प्रौद्योगिकी हस्तांतरणः विभिन्न कृषि आधारित उद्योगों से जुड़कर प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना और उन्हें किसानों तक पहुंचाना।

### परियोजना रिपोर्ट

छात्रों को अपने अवलोकनों के आधार पर परियोजना रिपोर्ट तैयार करनी होती है, जिसे एक समिति द्वारा मूल्यांकित किया जाता है. RAWE का महत्व। यह कार्यक्रम कृषि स्नातकों को ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए तैयार करता है. छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं से निपटने और उनका समाधान करने का आत्मविश्वास मिलता है. यह छात्रों को कृषि क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है।

## दो दुकानों से खोवा, पनीर और घी के लिए गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थ विशेष कर मिठाई खोवा दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच हेतु वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के प्रतिष्ठान की जांच हेतु राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त जांच दल द्वारा बुधवार को सिल्वर टॉकीज खोवा मंडी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान जैन खोवा भंडार एवं गुप्ता खोवा भंडार की जांच की गई। जांच दल में शामिल रहे नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी साहू ने मौके पर जैन खोवा भंडार से खाद्य पदार्थ, खोवा, पनीर एवं घी के नमूने प्रयोगशाला में जांच हेतु संग्रहित कर भिजवाया है। मौके पर जांच दल द्वारा खाद्य पदार्थों को ढककर ना रखने और साफ-सफाई नहीं रखने पर नाराजगी व्यक्त की गई। लाइसेंस की शर्तों का पालन न करने पर सुधार सूचना नोटिस जारी करने हेतु अनुशंसा की गई। इसी प्रकार सिल्वर टॉकीज रोड स्थित गुप्ता खोवा भंडार से मौके पर खोवा एवं पनीर के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए हैं। खाद्य पदार्थ के संग्रहित नमूने जांच हेतु राज्य जांच खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जांच दल द्वारा जांच कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के बनेंगे थ्री व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस कलेक्ट्रेट में

**दमोह।** दमोह कलेक्ट्रेट में दिव्यांग महिला एवं दिव्यांग पुरुषों के थ्री व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाना है कर्म निष्ठा विकलांग उत्थान एवं समाज कल्याण समिति अध्यक्ष हेमेंद्र रजक ने बताया कि दिव्यांग पुरुष महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस मनाए जाने हैं। दिनांक 10 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार को कलेक्टर परिषद में दिव्यांगों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने हैं जिसमें दिव्यांगों की कुछ राशि लगेगी एवं दिव्यांग महिलाओं को निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, समग्र आईडी, अंक सूची, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी, विकलांग प्रमाण पत्र, तीन फोटो, परिचय पत्र लेकर कलेक्ट्रेट दमोह में सुबह 10 बजे पहुंचना है।

### सारंगपुर में बड़ा हादसा- खेत जोतते समय ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शाहनगर जनपद क्षेत्र के सारंगपुर ग्राम मे एक 45 वर्षीय किसान रामावतार गौतम पिता संतोष गौतम कल्ला हार में किराये के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे के लगभग ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत के किनारे बनी खाई में अनियंत्रित होकर जा गिरा। ट्रैक्टर के गिरते ही आसपास के लोग दौड़कर मोके पर पहुचे तभी देखा कि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के निचे दब चूका हैं। जिसके पश्चात क्रेन मशीन से ट्रैक्टर को हटाया गया एवं नीचे दबे हुए ड्राइवर को बाहर निकला गया। तब तक चालक कि मौत हो चुकी थी।

### ग्राम कुसमी मानगढ़ का ऐतिहासिक निर्णय, ग्राम सभा में पारित हुआ शराबबंदी का प्रस्ताव

# अब गाँव में न बिकेगी, न पी जाएगी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

जबेरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुसमी मानगढ़ ने एक मिसाल पेश की है। सामाजिक सुधार और नशा मुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ते हुए ग्राम वासियों ने ग्राम सभा में सर्वसम्मति से अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित बैठक में सरपंच प्रतिनिधि कप्तान सिंह एवं ग्राम सचिव के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एकमत राय से शराबबंदी का समर्थन किया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।सरपंच प्रतिनिधि कप्तान सिंह ने कहा शराब न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देती है। अब हमारा गाँव इस अभिशाप से मुक्त होगा। यह निर्णय हमारी आने वाली पीढ़ियों के हित में लिया गया है। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को शराब से दूरी बनाए रखने और किसी भी रूप में नशे का समर्थन न करने की शपथ दिलाई गई।ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा कि गाँव में कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन या बिक्री करता पाया गया तो सामाजिक रूप से कार्रवाई की जाएगी।यह निर्णय न केवल कुसमी मानगढ़ बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनता जा रहा है।



## शोधार्थी आलोक जैन को शोध कार्य हेतु पी-एच. डी. उपाधि की अनुशंसा

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत संस्कृत विभाग के शोधार्थी आलोक कडुबा घोड़के जैन की पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को हुई । आलोक कडुबा घोड़के जैन ने आचार्य पूज्यपाद कृत सर्वार्थसिद्धि का समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. आशीष कुमार जैन शिक्षाचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर ,अध्यक्ष,संस्कृत विभाग के निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। इस हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, श्रीमति पूजा मलैया एवं श्रीमति रति मलैया प्रतिकुलाधिपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पवन कुमार जैन की अध्यक्षता में मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई। मौखिकी परीक्षा हेतु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर मध्यप्रदेश से प्रोफेसर संगीता मेहता जी को आमंत्रित किया गया था, उन्होंने पी-एच. डी. मौखिकी परीक्षा विधिवत सम्पन्न कराई। इस अवसर पर प्रो. आर. सी. जैन, अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, डीन अकेडमिक प्रोफेसर जे.पी. शमा खानम, डॉ. निधि असाटी अधिष्ठाता ,बेसिक एंड अप्लाइड साइंस, डॉ शैलेन्द्र जैन छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ अनिल पिंपलापुरे इंजिनियरिंग विभाग,डॉ अभिषेक जैन, डॉ. विवेक गेडाम, सहायक निदेशक, शोध विकास विभाग, डॉ एस एन गौतम, डॉ उषा खंडेलवाल,डॉ एस के तिवारी, डॉ विजय साहू,डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ दीपक रजक,डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ दुर्गा महोबिया, डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ विजया लक्ष्मी, डॉ वंदना शुक्ला, ईशा सचदेव,प्रभात आदि तथा सहकर्मी गोविंद ,आकाश सतेंद्र महेश भी उपस्थित रहे।



## ग्राम चिलौद और सिमरी खुर्द में नशा मुक्ति की लहर



**जबेरा/ बनवार।** जबेरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलौद एवं सिमरी खुर्द में नशा मुक्ति की नई लहर चल पड़ी है सरपंच प्रतिनिधि सुरेश राय के नेतृत्व में ग्राम के युवाओं ने एकजुट होकर शराब गांजा सट्टा और जुआ जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है ग्राम चिलौद में चालीस युवाओं की समिति गठित की गई है जो गॉंव में किसी भी प्रकार की नशे की गतिविधि पर निगरानी रखेगी समिति ने निर्णय लिया है कि अगर कोई गांव में शराब बेचेगा या बनाएगा तो उस पर 5100 का जुर्माना गांजा बेचने एवं जुआ खिलाने वाले पर 11 हजार का जुर्माना खेलने वाले पीने वाले पर 2100 का जुर्माना लगाया जाएगा। गाँव में लूडो खेलने तक पर भी पाबंदी लगाई गई है ताकि युवा वर्ग अपने समय का सदुपयोग सकारात्मक कार्यों में कर सके। इसी तरह ग्राम सिमरी खुर्द में भी ग्राम सभा के दौरान सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में शराबबंदी का निर्णय लिया गया है और लोगों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली है। इस अभियान में भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई उन्होंने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने का संकल्प दोहराया इस निर्णय के बाद दोनों गाँवों में हर्ष और उत्साह का माहौल है ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक नियम नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लिया गया सामाजिक संकल्प है।

## अजब धाम फतेहपुर के युवा बढ़ रहे नशामुक्ति की ओर कदम



**दमोह।** परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज सदगुरु देव जी के निर्देश में माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा जी की कृपा से गांव के राकेश कुर्मी पत्रकार अजब धाम फतेहपुर के निज निवास पर मां जगत जननी जगदंबा जी व गुरुवर जी की दिव्य महाआरती संपन्न हुई। टीम प्रमुख मोहन कुशवाहा पिपरिया घनश्याम ने समापन बेला पर गुरुवर जी की विचारधारा से अवगत कराया गया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उपाध्यक्ष सुखराम कुशवाहा पिपरिया घनश्याम ने कहा कि आज युवा पीढ़ी नशीले पदार्थों का सेवन कर रही है जिससे युवा पीढ़ी पूरी तरह बर्बाद हो रही है। अजब धाम के नए युवा जागरूक हो रहे हैं और भगवती मानव कल्याण संगठन व गुरुवार जी से दीक्षा लेकर नशा मुक्त हो रहे हैं। युवा पीढ़ी भी जागरूक हो रही है। आगे भी नए युवा भी नशा मुक्त होंगे। मां गुरुवर के भक्त बृजेश यादव रामलाल कुशवाहा, जीवन कुशवाहा, शिवांक तिवारी, कुंजीलाल कुशवाहा, बिज्जू सेन, मुकेश सेन आदि सभी भक्तों की मौजूदगी में निशुल्क शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

## वनमंडल अधिकारी को मांग पत्र सौंपा



**दमोह।** वन विभाग के कर्मचारियों को लंबे समय से बढ़े हुए मकान किराए का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कई बार मांगें रखने के बावजूद मामला अटका रहा। अंततः कर्मचारियों ने अपनी समस्या को लेकर मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस दमोह के जिला अध्यक्ष पंडित रोशन नायक को एक हस्ताक्षरित आवेदन सौंपा। पंडित रोशन नायक ने कर्मचारियों के हित में पहल करते हुए अपने साथ वन विभाग के प्रतिनिधियों के साथ वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे से भेंट की और कर्मचारियों की मांगें विस्तार से रखीं। बैठक के दौरान वनमंडल अधिकारी जरांडे ने तत्काल स्थापना प्रभारी को निर्देशित किया कि पात्र कर्मचारियों को बढ़ा हुआ मकान किराया, डीए का एरियर और वेतनमान सुधार का लाभ दिया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दीपावली से पूर्व सभी पात्र कर्मचारियों को बढ़ा हुआ मकान किराया उनके सितंबर माह के वेतन में जोड़कर प्रदान किया जाएगा। विभागीय आदेश जारी होने के बाद कर्मचारियों को हर माह एक हज़ार से लेकर तीन हज़ार रुपये तक का अतिरिक्त लाभ मिलना शुरू हो गया है। इससे विभाग में हर्ष और उत्साह का वातावरण बन गया है।कर्मचारियों ने इस सकारात्मक निर्णय के लिए वनमंडल अधिकारी श्री ईश्वर जरांडे और कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंडित रोशन नायक के प्रति राजेन्द्र परिहार, अमित तिवारी, लच्छू अहिरवार, दिनेश नेमा, वरुण चौबे, बृजेश महोबिया, अजय तिवारी, दिलीप रजक, प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र अहिरवार, अनिल अहिरवार, आकृति शुक्ला, रागिनी पाठक, मनीष तिवारी, सरन सोनी, तारा सिंह, अनिल ठाकुर, हरिशंकर अहिरवार, दुर्गेश अहिरवार, प्रेम राही सहित सभी वन कर्मचारी ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

## काशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

बहुजन समाज पार्टी एवं सोशल इंजीनियरिंग के जनक मान्यवर काशीराम जी का 19 वां परिनिर्माण दिवस नगर मे डॉ अंबेडकर प्रतिमा स्थल परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित उनके अनुयाईयों ने मान्यवर काशीराम जी को केन्डल जलाकर एवं फूलमाला पहनाकर श्रृध्दांजलि अर्पित की। साथ ही उनके विचारों, जीवन, संघर्ष, आदर्श, संकल्प एवं सन्देश पर सूक्ष्मता पूर्वक अपने विचार रखे। एवं उनके बताये रास्ते पर चलते हुये देश के सर्वजन हिताय- सर्व जन सुखाय के हितार्थ हर स्तर पर बसपा के सशक्तिकरण करने पर जोर दिया।



इस मौके डॉ मदन लाल, डॉ हीरा लाल, राजा राम अहिरवार, एड- संजीव अहिरवार, संदीप बौद्ध ,सतीश कुमार, भूपेंद्र बौद्ध, डॉ परमलाल अहिरवार, मिथुन कुमार, पीएल मासाब, राजेंद्र कुमार, जीवन अहिरवार, नीरज कुमार,सुजात खान सहित बडी. संख्या में मान्यवर काशीराम जी के अनुयाई मौजूद रहे।

## तारण त्रिवेणी यात्रा संघ ने की बलसाड में मंदिरविधि



**दमोह।** टीम तारण त्रिवेणी द्वारा लगातार परिवारों को तीर्थों से जोड़ने , युवा पीढ़ी को धर्म मार्ग में प्रोत्साहित करने का अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में टीम द्वारा तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के चारों तीर्थों के साथ अनेक स्थानों पर जागरण हेतु अभियान चलाया गया। उसी तारतम्य में गुजरात के बलसाड में बाल ब्रह्म बबली दीदी,अंजना दीदी के वर्षावास के उपलक्ष्य में दमोह जिले से तारण त्रिवेणी टीम के संगीत तारण निधि जैन रमेश जैन शास्त्री श्वेता जैन रवि जैन मोंटी जैन विकाश जैन बालचंद जैन विकेश जैन गोलू , संयम ,सम्यक , रितिम जैन प्रिंस जैन अर्चना जैन भूपेंद्र जैन अनुकृति, आकृति , अनिकेत , संयम शाश्वत, सक्षम , श्रेयश जैन द्वारा तारण बाबा के द्वार में और मेरा परिवार अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत परिवारों को प्रोत्साहित कर धर्म मार्ग और युवा पीढ़ी में धर्म संस्कारो को आरोहित करने हेतु विषय पर चर्चा की गई। साथ ही वर्ष में एक बार तीर्थ यात्रा का संकल्प भी किया गया, बलसाड से दया जैन ने आभार माना भूपेंद्र जैन द्वारा संचालन किया गया।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का हुआ शुभारंभ



**दमोह।** जिला अस्पताल दमोह में "तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0" का शुभारंभ सफलतापूर्वक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समुदाय में तंबाकू मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि युवा ही स्वस्थ भारत के निर्माण की नींव हैं। सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने "नो टोबैको प्लेज" लेकर तंबाकू सेवन छोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉक्टरों एवं सहायक स्टाफ द्वारा तंबाकू एवं मुख कैंसर जागरूकता पर आधारित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित जनों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, क्वालिटी नोडल डॉ. अमित प्रकाश जैन, आर.एम.ओ. डॉ. चक्रेश चौधरी, ए.एच.एम. डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सिंह, एन.ओ.एच.पी. नोडल अधिकारी डॉ. मनीष संगतानी, तथा एन.टी.सी.पी. नोडल अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र चौधरी सहित नर्सिंग अधिकारी एवं सहायक स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## उत्साह के साथ हुई महाराजा अग्रसेन की महा आरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है जिसके क्रम में 49 वी महा आरती का आयोजन किया गया। आरती करने का सौभाग्य निशा विकास अग्रवाल को प्राप्त हुआ पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया। जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया व प्रसाद वितरण किया गया। दमोह जिले से शुरू हुई महा आरती अब पूरे देश में एक अभियान की तरह आगे बढ़ रही है जहां दमोह जिले में 49 वी महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं दमोह के साथ-साथ जबलपुर भोपाल शहर व अन्य जिलों में भी महा आरती का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जाने लगा है। आरती में मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल जन जागरण समिति के जिला अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, सह सचिव जगदीश अग्रवाल, डॉक्टर अशोक अग्रवाल, एडवोकेट विनोद अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, अनमोल सरस महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, कांति, निशा, बबीता, अंजली, सीता, रानी, कुसुम अनीता गीता प्रमिला अर्चना नीतू स्वस्ति समृद्धि अदिति आदित्य विराज विशेष सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधुओ की उपस्थिति रही।

## बटियागढ़ में बस स्टैंड मार्ग के गड्ढे भरवाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बटियागढ

करवा चौथ त्यौहार के दौरान बढ़ने वाली भीड़भाड़ और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए लक्ष्य टीम दमोह द्वारा बटियागढ़-सागर मुख्य मार्ग पर स्थित केरबना टिगड्डा बस स्टैंड के गड्ढों को भरवाया गया। यह मार्ग बटियागढ़ का मुख्य बाजार क्षेत्र होने के कारण आए दिन यहां से सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के चलते कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी थीं। इसको ध्यान में रखते हुए लक्ष्य टीम ने स्वयं आगे बढ़कर गड्ढों को भरवाया गया, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और कोई अप्रिय हादसा न हो। लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षण में यह कार्य किया गया। संस्था अमरपाल सिंह लोधी (आईआरएस, जॉइंट कमिश्नर, भारत सरकार) के संरक्षण में कार्यरत है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा (गुजरात), राष्ट्रीय महामंत्री पूरन सिंह पटेल (छत्तीसगढ़) और मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नारायण पटेल (कटनी) के मार्गदर्शन में संगठन शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य निरंतर कर रहा है। लक्ष्य प्रांत प्रचारक मध्य प्रदेश रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि केरबना टिगड्डा बस स्टैंड का मार्ग अत्यंत व्यस्त क्षेत्र है, जहां गड्ढों के कारण आए दिन लोग परेशान रहते थे। इस पहल से लोगों को राहत मिली है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि अपने आसपास की समस्याओं को अनदेखा न करें — स्वयं कुछ करने का प्रयास करें या आवाज़ अवश्य उठाएं।

## प्रशिक्षित युवतियों एवं महिलाओं के लिये रोजगार मेले का आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार रेडीमेड गारमेंट्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी युवतियों एवं महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड, खेडा, पीथमपुर, सेक्टर-3, जिला धार द्वारा रोजगार मेले का आयोजन सैडमेप कार्यालय दमोह में किया गया। इस रोजगार मेले में 32 प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों ने नौकरी करने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की, जिनके लिए ऑफर लेटर जारी करने की प्रक्रिया की गई। इस अवसर पर सैडमेप समन्वयक पी. एन. तिवारी ने बताया गया प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का यह प्रयास महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय कदम हैं। प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड के प्रतिनिधि ने बताया दीपावली के बाद सभी को कंपनी में प्राथमिक तौर पर जॉब दी जायेगी।

## सांस्कृतिक विरासतः हाइटेक युग में भी जिंदा है नाटक की परंपरा

**दमोह।** आज के हाईटेक मनोरंजन के दौर में जहाँ सिनेमा, मोबाइल और सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी दुनिया में बाँध लिया है, वहीं दमोह जनपद के जुझार गांव में आज भी नाटक मंचन की दो सौ वर्ष पुरानी परंपरा जीवित है। यहां की सत्संग आदर्श नाटक कंपनी जुझार ग्रामीण संस्कृति और समाज को जोड़ने का माध्यम बनी हुई है। शरद पूर्णिमा की रात्रि में श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर, जुझार में कंपनी के कलाकारों द्वारा एक भव्य नाट्य मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश व कृष्ण आरती से हुई, इसके बाद लज्जावती धर्म की देवी और हास्यप्रद अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गांव के कड़ोरी सेन बताते हैं कि यहां नाटक की परंपरा करीब 200 वर्षों से लगातार जारी है। खास बात यह है कि नाटक में कोई बाहरी कलाकार नहीं, बल्कि गांव के ही लोग मंचन करते हैं। दर्शकों की भीड़ इतनी होती है कि आस-पास के गांवों से सैकड़ों लोग रातभर नाटक देखने पहुँचते हैं — जिनमें महिलाएँ और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल रहते हैं। इन प्रस्तुतियों में सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र, राजा



मोरध्वज, श्रवण कुमार, राजा भर्तृहरि जैसे धार्मिक नाटकों के साथ-साथ दहेज प्रथा, नशाखोरी, अशिक्षा और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रहार किया जाता है। दर्शक कई बार भावुक होकर रो पड़ते हैं, और कलाकारों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर सामाजिक बदलाव की दिशा में प्रेरित होते हैं। इस वर्ष हुए मंचन में पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी, पंडित तेजेंद्र तिवारी, जुगराज महोबिया, महेश सेन, पुष्पेंद्र महोबिया, मुन्ना अठया, हल्ले सेन, नन्नू सिंह ठाकुर, धरमू सेन, सेकल सेन, झाम सिंह ठाकुर, रेवाराम अठया सहित कई कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों का मन जीत लिया।नाटक के निर्देशक कैलाश आदिवासी ने बताया कि नाटक की जीवंत प्रस्तुति स्थानीय भाषा में की जाती है ताकि कम पढ़े-लिखे लोग भी कहानी को आसानी से समझ सकें। उन्होंने कहा, "नाटक हमारी परंपरा और समाज की आत्मा है — इसे जीवित रखना हमारा धर्म है। गांव के कड़ोरी सेन ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चल रही है और दो सौ वर्षों से जुझार गांव इस विरासत को सहेजे हुए है।

### खबर संक्षेप

### स्टेडिंग कमेटी की बैठक आज

**दमोह।** नगरीय निकायों के सफल संचालन एवं निर्वाचन में पारदर्शिता की निष्पक्षता के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन किये जाने के फलस्वरूप आज 10 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टेडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि नगरपालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2025 के संबंध में फोटोयुक्त मतदाता सूची का तृतीय चरण प्रारंभ हो रहा है। दावा आपत्ति केन्द्र पर दावे आपत्तियाँ प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त की जायेगी।

### नाबालिक अपहर्ता को गुजरात से किया दस्तयाब

**दमोह।** पुलिस ने अपहर्ता नाबालिग बालिका को गुजरात राज्य से सकुशल दस्तयाब किया है। दिनांक 28.05.2025 को प्रार्थिया के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी नातिन कपड़े खरीदने के लिए जबेरा गई थी, जो शाम तक घर नहीं लौटी। खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चलने पर यह संदेह हुआ कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। रिपोर्ट पर थाना जबेरा में अपराध क्रमांक 154/2025, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान अपहर्ता की सतत तलाश की गई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना जबेरा पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए अपहर्ता को दिनांक 06.10.2025 को बांकानेर सिटी, जिला मोरबी (गुजरात राज्य) से दस्तयाब किया गया। दिनांक 08.10.2025 को अपहर्ता के कथन माननीय न्यायालय से लेख कराए गए तथा उसे विधिवत उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास सिंह चौहान, प्र.आर. देवेंद्र रैकवार, आर. वीरेंद्र सिंह, महिला आर. पूनम रैकवार, तथा सायबर सेल टीम दमोह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बटियागढ़ थाना क्षेत्र में दो दुखद हादसे

# मिट्टी खदान धंसकने से दो बच्चियां दबी, एक की मौत, दो घायल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़**

दीपावली के पूर्व घर में छपाई करने के लिए मिट्टी खोदने के लिए गई एक युवती की मिट्टी धसकने से दब जाने के बाद दम घुट जाने से मौत हो जाने का दुखद घटना कर्म सामने आया है। वही दो अन्य घायलो का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार मौके पर पहुंचे तथा उनके द्वारा जेसीबी की मदद से खदान को समतल करवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटेरा कला चौकी अंतर्गत गंज बरखेड़ा गांव में मिट्टी की खदान धसने से 17 वर्षीय मेनका लोधी की मौत हो गई। वही करिश्मा लोधी को इलाज के लिए बटियागढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया जाय है। बताया जा रहा है तीनों बच्चे घर में छपाई के लिए मिट्टी खोदने के लिए गए थे इसी दौरान खदान के धसक जाने से दोनो मिट्टी में नीचे दब गए। बाद में सूचना मिलने पर गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचकर इनको बाहर निकाला। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। देर तक मिट्टी में दबे रहने की वजह से मेनका की सांसे थम चुकी थी। वही दो बच्चो की सांसे चल थी। तीनो को गांव वालों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लाया गया। जहां पर चेकअप उपरांत मेनका को मृत घोषित कर दिया गत। जबकि करिश्मा लोधी और विनय दुबे का इलाज जारी है।

### ट्रैक्टर से गिरने से युवक की मौत



**बटियागढ़।** बटियागढ़ बायपास पर चलते ट्रेक्टर से गिरने से युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नीमन तिराहे से मजदूर ट्रेक्टर ट्राली पर सवार होकर कोपरा जा रहे थे। उसी दौरान ट्रेक्टर पर सवार वीरू आदिवासी पिता देवी आदिवासी उम्र 20 वर्ष निवासी नीमन तिराहा अचानक चलते ट्रेक्टर से नीचे गिर गया और ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आ गया जिसे बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जंहा डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर बटियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव का गरम पोशाक श्रृंगार आरंभ, शरद पूर्णिमा से बदला श्रृंगार





### महादेव को ठंड से बचाने के लिए बदला श्रृंगार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र देव श्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर एक बार फिर भक्ति और परंपरा के रंग में रंग गया है। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर यहां भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार में मौसमी बदलाव किया गया है। अब महादेव को ठंड से बचाने के लिए गरम पोशाक धारण कराई जा रही है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन नित्य पूजन और संध्या आरती के समय शिवलिंग का श्रृंगार गरम कपड़ों से किया जा रहा है। भक्तों का मानना है कि शरद पूर्णिमा से ही शीत ऋतु की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए भगवान के श्रृंगार में भी ऋतु परिवर्तन के अनुरूप बदलाव किया जाता है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि वर्षों पुरानी इस परंपरा के तहत जैसे ही ठंड का अहसास शुरू होता है, भगवान जागेश्वरनाथ का श्रृंगार गरम वस्त्रों से किया जाता है। उन्होंने कहा — "जैसे भक्त मौसम के अनुसार अपनी जीवनशैली बदलते हैं, वैसे ही भगवान के श्रृंगार में भी वही भाव झलकता है। यह सेवा नहीं, भक्ति का एक रूप है।" भक्तों का विश्वास है कि जिस भाव से पूजा-अर्चना की जाती है, भगवान भी उसी भाव में अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। शरद पूर्णिमा से ही मंदिर में गरम पोशाक श्रृंगार और विशेष सेवा क्रम आरंभ हो गया है। मंदिर परिसर में रोजाना विशेष आरती, पुष्प सज्जा और भक्ति संगीत से वातावरण शिवमय बना हुआ है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं।

### 401 महिलाओं को मिला विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा लाभ

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज जिले अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच-उपचार के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों की देखरेख में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये। इन विशेष क्लीनिक में पहुँची 401 जोखिम एवं सामान्य गर्भवती महिलाओं का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। क्लीनिक में पहुँची गर्भवती महिलाओं के लिए पृथक से ओ.पी.डी. और लैब जांच, सुविधापूर्ण बैठक, पेयजल एवं स्वल्पाहार के रूप में कोदो, मूंगफली, गोभी, सोयाबीन की बरी मिश्रित स्वादिष्ट पौष्टिक खिचडी प्रदाय किया गया।

# सिद्धी विनायक कॉलोनी में चोरों का आतंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

शहर में चोरो का आतंक व्याप्त है। शहर की सिद्धिविनायक कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक के बाद एक कई घरों के ताले तोड़े। विरोध करने पर सरकारी बैंक में पदस्थ मैनेजर पर पत्थर से हमला भी कर दिया, वहीं उनकी पत्नी को बाहर निकलते ही धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गईं। घटना रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच की है। हैरानी की बात यह रही कि घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर जांच करने नहीं पहुंची, जिससे कॉलोनीवासियों में आक्रोश और दहशत दोनों का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की रिकार्डिंग से ज्ञात हुआ कि देर रात करीब 2:30 बजे पांच-छह युवक कॉलोनी में दाखिल हुए। सभी के चेहरे ढंके हुए थे और उनके हाथों में लोहे की रॉड, धारदार हथियार लिये थे। सबसे पहले उन्होंने दो बंद मकानों के ताले तोड़े।फिर गौरीशंकर राय के घर में घुसकर अलमारी के लॉकर तोड़े, जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। इसके बाद चोर पंकज तिवारी के घर की ओर बढ़े, जहां उनकी पत्नी गीतू तिवारी की नींद खुल गई। वह जैसे ही बाहर आईं, चोरों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। शोर सुनकर उनके पति पंकज भी जाग गए, जिसके बाद चोर वहां से भाग निकले। इसी दौरान पास में ही रहने वाले सहकारी बैंक, नोहटा के मैनेजर गिरीश दुबे घर से बाहर निकले। एक चोर ने उन्हें देखते ही पत्थर मार दिया जो उनके कंधे पर लगा, और दूसरा चोर लोहे की रॉड लेकर उन्हें मारने दौड़ा। किसी तरह दुबे घर के अंदर भागे। उन्होंने यह भी बताया कि घटना की सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई जांच नहीं की। सिर्फ एक आवेदन लिया गया, FIR दर्ज नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल ठंड के मौसम में चोरों की सक्रियता बढ़ जाती है। सिद्धिविनायक कॉलोनी, श्याम नगर और एसपीएम नगर में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। सिद्धी विनायक कालोनी में चोरो की हरकते कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी हैं। वीडियो में 5-6 युवक चेहरे ढंके और हथियारों से लैस नजर आ रहे हैं। एक के हाथ में बैग भी था, जिससे आशंका है कि वह पहले भी किसी घर में चोरी कर चुके थे। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि:रात्रिकालीन गशत नहीं होती अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैल रहा है। पॉश कॉलोनी में हथियारबंद चोरों का खुलेआम हमला न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता लोगों में गहरी नाराजगी भी पैदा कर रही है।

# शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों को बढ़े हुए डी ए का भुगतान पांच सामान किस्तों में किया जाना था परंतु जबेरा विकासखंड में आज दिनांक तक शिक्षकों को एक भी किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। इसी तरह शिक्षकों को 12 वर्ष एवं 24 वर्षों की क्रमोन्नति का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। इस कारण से विकासखंड के शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप करके मांग की है कि दीपावली के पूर्व शिक्षकों को एरियर्स तथा क्रमोन्नति का लाभ दिलाए जाय। उक्त ज्ञापन देने वालों में महेश प्रसाद विश्वकर्मा राजेश कुमार राय देवेंद्र मिश्रा राजेश जैन तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा 29 साल पुराने प्रकरण के फरार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु पृथक-पृथक टीमें गठित की गयी थी जो गठित टीम द्वारा माननीय न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश जबलपुर के प्रकरण क्र MJCR 1500009/1996 में फरार गिरफ्तारी वारण्टी नासिर उर्फ निन्नी पिता रसीद खां उम्र 53 साल निवासी सिविल वार्ड दमोह को दिनांक 06.10.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय जबलपुर पेश किया जावेगा। उक्त वारंटी सत्र प्रकरण क्र 228/1989 धारा 396,449 भा.द.वि. में न्यायालय पंचम अति. न्यायाधीश जबलपुर द्वारा पारित निर्णय दि 20.09.1994 को आजीवन कारावास व 1000/- रु अर्थदंड से दंडित किया गया था जो अन्य लंबित प्रकरणों में दिनांक 27.11.1996 को भोपाल पेशी से वापिस आते समय पुलिस बल की अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. मनीष कुमार, प्रआर कल्याण सिंह, आरक्षक दरबारी, आर. ओमप्रकाश रैकवार, आर. कृष्णकांत आदि का सहयोग रहा।

# विद्यालय परिसर में अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक कन्या शाला जबेरा में आसामाजिक तत्वों के द्वारा बाउंड्री बाल तोड़कर के पान के टपरे रख लिये गए हैं। असामाजिक तत्वों के द्वारा उक्त अतिक्रमण पर अनैतिक कार्य किए जाते हैं जिस कारण विद्यालय की गतिविधियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के ऊपर मानसिक दबाव बना रहता है। उक्त अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर महोदय दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेड़ा के नाम से तहसीलदार जबेरा को विद्यालय के प्रधान अध्यापक राजेश कुमार राय के नेतृत्व में एक ज्ञापन दिया गया जिसमें मांग की गई है कि उक्त अतिक्रमण तत्काल हटाया जावे। ज्ञात हो कि अभी कुछ दिन पूर्व समीपस्थ माध्यमिक विद्यालय कोरता में भी दबंग लोगों के द्वारा विद्यालय की पुराने कक्षा का ताला तोड़कर के उसमें रखी सामग्री का बंदर बांट कर दिया गया था जिसकी शिकायत भी प्रधान अध्यापक के द्वारा कलेक्टर महोदय एवं एसपी तथा थाना प्रभारी को की गई थी। परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने के कारण और सामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है। जब विद्या मंदिर जैसी पवित्र स्थलो को भी नहीं बक्शा जा रहा है तो अन्य विभागों की क्या स्थिति होगी। उक्त ज्ञापन देने में महेश प्रसाद विश्वकर्मा, देवेंद्र मिश्रा, राजेश जैन तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# जल निगम की टंकी निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा सुरक्षा की अनदेखी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़**



जिले में निर्माण कार्यो के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी देखी जा रही है। अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जल निगम द्वारा कई जगह नल जल योजना अंतर्गत टंकी निर्माण का कार्य चल रहा है। सभी जगह सुरक्षा संबंधित कोई भी सामग्री नहीं दिखी। डब्लू पी आई एल लिमिटेड कंपनी द्वारा सीता नगर में टंकी निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसमें सुरक्षा को लेकर अनदेखी की जा रही है। सीता नगर हवाई पट्टी के पास टंकी निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें मजदूर बिना हेलमेट आदि उपकरणों के कार्य कर रहे हैं। सेफ्टी के नाम पर कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। लगभग 15 से 20 मी ऊंचाई पर सीसी ढलाई का काम चल रहा है जिसमें किसी भी प्रकार की सुरक्षा उपकरण नहीं दिखाई दे रहे है। जब मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने कहा ऐसे ही काम करते हैं। ठेकेदार ने भी लोगों को कोई भी सुरक्षा संबंधी बात नहीं बताई। साइट पर सुपरवाइजर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम लोगों का काम ऐसे ही चलता है और आप लोगों को जो समझ में आया वह करो। डब्लू पी ई एल लिमिटेड कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही का भुगतान गरीब मजदूरों को करना पड़ सकता है। इस संबंध में जल निगम के अधिकारियों से बात करनी चाहिए उनका फोन नहीं लगा।

### कसाई मंडी क्षेत्र में चौकी प्रारंभ



**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र कुरैश मंडी का गुरूवार से विधिवत रूप से संचालन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, चौकी प्रभारी राकेश पाठक की उपस्तिथि में रोजनामचा पंजी में पहली एंट्री करते हुए निर्देशों की टीप अंकित की गई। अब से कुरैश मंडी में चौकी क्षेत्र के नागरिक विधिवत अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

### बेलाताल तालाब की सफाई में जनसहयोग से लगातार जारी अभियान

**दमोह।** दमोह शहर के बीचों बीच स्थित बेलाताल तालाब में जन सहयोग से लगातार विगत 15 दिवसो से सफाई कार्य किया जा रहा हैं। इस सबंध में सहायक संचालक मत्स्य सुरेन्द्र कुर्मी ने बताया तालाब में चारो तरफ स्वच्छ किया गया हैं। उन्होंने दमोह वासियों से आग्रह करते हुए कहा तालाब को स्वच्छ रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पॉलीथीन आदि तालाब में न फेंके एवं पूजन सामग्री का विसर्जन निर्धारित स्थल पर ही किया जाए।

### टीम द्वारा निरंतर हो रहा मेडीकल स्टोर्स का निरीक्षण

**दमोह ।** दमोह शहर में संचालित भारत मेडिकल एंड जनरल स्टोर बस स्टैंड के पास टंडन मेडिकल टंडन कंपलेक्स, आनंद मेडिकल गायत्री गेट के पास, नारायण मेडिकल बस स्टैंड के सामने एवं जनता मेडिकल घंटा घर के पास का निरीक्षण औषधि निरीक्षक दमोह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीसन कंपनी द्वारा निर्मित दवाइयों के स्टॉक की जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध स्टॉक को आगामी आदेश तक फ्रीज कराया गया। साथ ही फार्मासिस्ट की उपलब्धता, औषधियों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड की भी जांच की गई। उन्होंने मेडिकल संचालको से बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवाइयां नहीं विक्रय करने के लिए कहा गया।

**आम सूचना**

श्रीमति राधा रानी पति स्व श्री बीर सिंह परिहार निवासी मागंज वार्ड न. 1 दमोह तह व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम राधा रानी दर्ज है। जबकि मेरे जिला डाकघर की पासबुक पर मेरा नाम पार्वती परिहार दर्ज है। यह कि राधा रानी एंव पार्वती परिहार दोनो एक ही महिला यानि मेरे ही नाम है और मुझे दोनो ही नाम से जाना पहचाना जाता है।

शपथकर्ता - श्रीमति राधा रानी पति स्व श्री बीर सिंह परिहार निवासी मागंज वार्ड न. 1 दमोह

**नाम सुधार सूचना**

शपथकर्ता सुनील कंडया आत्मज श्री खुशाल चंद उम्र 68 वर्ष साकिन 383 क्रिश्चियन कालोनी सिविल वार्ड नं 05 दमोह तहसील व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुनील कुमार जैन पिता खुशाल चंद लिखा है। जबकि मेरा नाम वर्तमान मे सुनील कंडया आत्मज खुशाल चंद है जो कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड, बैंक दस्तावेजों एवं अन्य सभी दस्तावेजों में अंकित है। यह कि सुनील कुमार जैन एवं सुनील कंडया दोनो मेरे ही नाम हैं एवं मेरा नाम प्रचलन में सुनील कंडया है। अत: मै अपने पासपोर्ट में सुनील कुमार जैन के स्थान पर नाम सुनील कंडया दर्ज कराना चाहता हूं। व इसी नाम से जाना पहचाना व पत्र व्यवहार किया जाये।

शपथकर्ता- सुनील कंडया

**नाम सुधार सूचना**

शपथकर्ता सरिता देवी जैन पत्नी सुनील उम्र 66 वर्ष साकिन क्रिश्चियन कालोनी सिविल वार्ड नं 05 दमोह तहसील व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सरिता जैन पुत्री डालचंद जैन अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक दस्तोवेज में मेरा नाम सरिता देवी जैन पत्नी सुनील अंकित है । अत: मैं अपने पासपोर्ट में सरिता जैन पुत्री डालचंद जैन के स्थान पर सरिता देवी जैन पत्नी सुनील का नाम अंकित करवाना चाहती हूँ जो कि मेरा ही नाम है व इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है व प्रचलन में भी है।

शपथकर्ता
सरिता देवी जैन

**कार्यालय नायब तहसीलदार मंडल हिरदेपुर तहसील दमयंती नगर दमोह (म.प्र.)**
क्रमांक /651/ प्रवा. हिरदेपुर /2025
दमोह, दिनाँक 09/10/2025
**इश्तहार**

विषयाकिंत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदक ब्रजेन्द्र यादव पिता मुन्नालाल यादव निवासी बालाजी वार्ड नं. 1 दमोह के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा लाडनबाग स्थित भूमि खसरा नं. 86, 87 रकवा क्रमशः 0.25, 0.17 हे.. कुल रकवा 0.42 हे. में से विक्रय रकवा 765 वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 04.02.2020 को विक्रेता संजय असाटी पिता गोविंद प्रसाद असाटी के माध्यम से क्रय किया है। उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख में विक्रेता के नाम पर दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त भूमि केनरा बैंक दमोह द्वारा कुर्क की गई है, तथा बैंक द्वारा नामांतरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है । अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्तनामांतरण के संबंध में दावा आपत्ति हो 07 दिवस में उपस्थित होकर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। म्यांद गुजर जाने के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/10 /2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
दमयंती नगर दमोह

**कार्यालय नायब तहसीलदार मंडल हिरदेपुर तहसील दमयंती नगर दमोह (म.प्र.)**
क्रमांक /650/ प्रवा. हिरदेपुर /2025
दमोह, दिनाँक 09/10/2025
**इश्तहार**

विषयाकिंत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदक सोनू रावत पिता रोशन रावत निवासी सिविल वार्ड नं. 07 दमोह के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा : लाडनबाग स्थित भूमि खसरा नं. 86, 87 रकवा क्रमशः 0.25, 0.17हे. कुल रकवा 0.42 हे. में से विक्रय रकवा 825 वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 20.02.2020 को विक्रेता संजय असाटी पिता गोविंद प्रसाद असाटी के माध्यम से क्रय किया है ।उक्त भूमि वर्तमान अभिलेख में विक्रेता के नाम पर दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त भूमि केनरा बैंक दमोह द्वारा कुर्क की गई है, तथा बैंक द्वारा नामांतरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है । अत: जिस किसी व्यक्तिको उक्त नामांतरण के संबंध में दावा आपत्ति हो 07 दिवस में उपस्थित होकर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। म्यांद गुजर जाने के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
दमयंती नगर दमोह

**कार्यालय नायब तहसीलदार मंडल हिरदेपुर तहसील दमयंती नगर दमोह (म.प्र.)**
क्रमांक /649/ प्रवा. हिरदेपुर /2025
दमोह, दिनाँक 09/10/2025
**इश्तहार**

विषयाकिंत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदक कु. श्वेता ग्रोवर पिता श्याम ग्रोवर निवासी बालाजी वार्ड हटा तहसील हटा जिला दमोह के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा लाडनबाग स्थित भूमि खसरा नं. 86, 87 रकवा क्रमशः0.25, 0.17 हे.. कुल रकवा 0.42 हे. में से विक्रय रकवा 765 वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 29.01.2020 को विक्रेता संजय असाटी पिता गोविंद प्रसाद असाटी के माध्यम से क्रय किया है। उक्त भूमिं वर्तमान अभिलेख में विक्रेता के नाम पर दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्तभूमि केनरा बैंक दमोह द्वारा कुर्क की गई है, तथा बैंक द्वारा नामांतरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है । अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण के संबंध में दावा आपत्ति हो 07 दिवस में उपस्थित होकर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। म्यांद गुजर जाने के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 09/10 /2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
दमयंती नगर दमोह